# अंकित तोमर की हत्या के चारों आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस

## एसडीओपी शीला सुराणा के निर्देशन मे चारों आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार



**पीपुल्स प्रवक्ता, मंडीदीप।**

अपराधी चाहे कितना शातिर क्यों ना हो पर पुलिस के शिकंजे से बच नही सकता जिसका ताजा उदाहरण एक बार फिर देखने को मिला बीती रात हत्या के मामले में पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर घर के पास जुलूस निकाला और लोगो को संदेश दिया कि कानून के हाथ लंबे होते है पुलिस से कोई भी अपराधी बच नही सकता।औद्योगिक शहर के वार्ड क्रमांक-2 स्थित खिरिया मोहल्ले में हुई युवक अंकित तोमर हत्याकांड का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर नगर मै निकल जुलूस बुधबार की रात 9 बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों का फरियादी के भाई से विवाद हुआ। इसी दौरान धारदार छुरे से हमला कर 25 वर्षीय अंकित तोमर पिता सुनील तोमर की हत्या कर दी गई जबकि बीच-बचाव करने आई युवती भी गंभीर घायल हो गई वहीं युवती की हालत गंभीर बताई जा रही उसका उपचार जारी है वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए मामले की गंभीरता को देखते हुए रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एसडीओपी शीला सुराना के नेतृत्व में तत्काल विशेष अनुसंधान दल गठित किया गया मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। तकनीकी साक्ष्यों, संदिग्धों से पूछताछ और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों रोहित मेहरा उम्र 28 वर्ष, बल्ला उर्फ बलराम मेहरा उम्र 46 वर्ष, मुकेश उर्फ गुड्डू मेहरा उम्र 38 वर्ष और बाबूलाल मेहरा उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर पुलिस ने साथ ही उनके कब्जे से लोहे के छुरे जब्त किए और प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा 25 भी जोड़ी गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है पुलिस टीम में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मंडीदीप रंजीत सराठे, थाना प्रभारी सतलापुर विजय त्रिपाठी, थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज भारत सिंह, थाना प्रभारी गौहरगंज विनोद परमार, थाना प्रभारी नूरगंज संजय यादव, सहित अरविंद पांडे ने भी कार्रवाई में सराहनीय योगदान दिया मंडीदीप पुलिस की तत्परता और टीमवर्क के चलते हत्या की इस वारदात का चंद घंटों में खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया मामले में पुलिस की आगे की विवेचना जारी है।

# समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना ही सच्चे मानव जीवन का उद्देश्य है

## आचार्य सोनू शर्मा शिव विवाह उत्सव धूमधाम से मना श्रद्धालु बाराती बनकर जमकर झूमे

**पीपुल्स प्रवक्ता, मंडीदीप।**

भगवान बुद्ध की करुणा और स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन की सार्थकता दूसरों की सेवा करने में है।केवल अपने स्वार्थ के लिए जीने के बजाय समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना ही सच्चे मानव जीवन का उद्देश्य है। यह बात जन्माष्टमी के उपलक्ष में राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के तीसरे दिन कुरावर के पधारे आचार्य सोनू शर्मा ने कहीं साथ ही बताया कि कथा के माध्यम से श्रृष्टि निर्माण की कथा श्रवण करवाई गई जिसमें सुखदेव महाराज ने श्रृष्टि निर्माण के बारे में बताया कि श्रृष्टि की संरचना में भगवान ने वराह अवतार लिया और श्रृष्टि



का निर्माण किया और मनु महाराज से श्रृष्टि आगे बढ़ी आदि कथाओं का गुरु जी ने भगतो को कथा श्रवण करवाई अंत में शिव विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया श्रद्धालु बाराती बनकर भक्ति गीतों पे थिरकते नजर आए कथा का आयोजन 1 से 7 सितंबर तक प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पत्नी के चरित्र पर संदेह में युवक की पत्थर से हत्या आरोपी 12 घंटे में अरेस्ट

**पीपुल्स प्रवक्ता, भैरूंदा**

पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते एक युवक की पत्थर से सिर पर हमला कर हत्या करने के मामले का भैरूंदा पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि भूराखेड़ा गांव के पहले अंबर नदी के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान मुकेश उर्फ पप्पू बारेला के रूप में हुई। मृतक के भाई संतोष बारेला की रिपोर्ट पर भैरूंदा थाने में अपराध क्रमांक 508/26 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के पर्यवेक्षण में भैरूंदा थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने संदेही विनोद बारेला निवासी खामखेड़ा, हाल निवासी भूराखेड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसे अपनी पत्नी और मृतक मुकेश बारेला के बीच अवैध संबंध होने की शंका थी। इसी संदेह के चलते उसने मुकेश के सिर पर पत्थर से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम सिंह दांगी, उप निरीक्षक राजेश यादव, उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, सहायक उप निरीक्षक सुन्दरलाल सरयाम सहित पुलिस टीम के प्रकाश नर्रे, मनोक परते, विश्वास सीराम, बसंत मीणा, लवकेश जाट एवं सतेन्द्र दोहरे की सराहनीय भूमिका रही।

# सवारी उतारने रुकी बस को कंटेनर ने पीछे से मारी टक्कर

## पेड़ तोड़कर खेत में घुसी बस, चालक समेत तीन घायल, हादसा कैमरे में हुआ कैद









**यशवंत मेवाड़े**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

शुक्रवार सुबह खिलचीपुर थाना क्षेत्र के बड़बेली गांव के पास एक यात्री बस को पीछे से आ रहे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा घुसी और एक पेड़ को तोड़ते हुए रुक गई। हादसे में बस चालक समेत तीन लोग घायल हुए हैं। पूरी घटना सड़क किनारे खड़े एक युवक के मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के अनुसार पवन बस क्रमांक एमपी 38 पी 0243 शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे राजगढ़ से सवारियां लेकर खिलचीपुर की ओर आ रही थी। बड़बेली गांव के पास बस सवारी उतारने के लिए सड़क पर रुकी थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे कंटेनर क्रमांक आरजे 32 जीसी 8151 ने बस के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी। इसके बाद बस एक पेड़ को तोड़ते हुए जाकर रुकी। हादसे में बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय सड़क किनारे खड़ा एक युवक बस का वीडियो बना रहा था। उसका मोबाइल कैमरा बस की ओर ही था। इसी दौरान पीछे से कंटेनर आया और बस को टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे से युवक घबरा गया, लेकिन उसके मोबाइल कैमरे में टक्कर से लेकर बस के खेत में जाकर रुकने तक का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया।

चालक समेत तीन लोग घायल- हादसे में बस चालक मांगीलाल दांगी (30), निवासी बड़बेली, सरदार बाई (60), निवासी सवासड़ा और पवन दांगी (38), निवासी बड़बेली घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पुलिस वाहन से खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया। यहां तीनों का उपचार किया गया। बताया गया कि उनकी हालत गंभीर नहीं है।

### कंटेनर चालक को हिरासत में लिया


हादसे की सूचना मिलते ही खिलचीपुर थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कंटेनर और उसके चालक नरवर सिंह निवासी ओढ़पुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कंटेनर चेन्नई से राजस्थान की ओर जा रहा था। पुलिस के अनुसार चालक के नशे में होने की बात भी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

### घायलों से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता

हादसे की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह और ब्यावरा के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी भी खिलचीपुर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वच्छ भारत मिशनः नरसिंहपुर जनपद में...

# स्वच्छ ग्राम पंचायत पुरस्कार पहल तेज, पंचायतों को दी जिम्मेदारियां



**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर**

जिला प्रशासन के निर्देशों के क्रम में 'स्वच्छ ग्राम पंचायत पुरस्कार' पहल को गति देने के लिए जनपद पंचायत नरसिंहपुर की निधि तिवारी ब्लॉक समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है। गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पंचायतों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। पंचायतों में कचरा प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए निम्नलिखित कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश जारी किए गए हैं- घर-घर कचरा संग्रहण व परिवहनः वार्डो के अनुसार कचरा वाहनों की नियमित आवाजाही सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिदिन हर घर से कचरा उठाया जा सके। कचरा पृथक्कीकरण व जागरूकता- ग्रामीणों को पांच प्रकार के कचरे (सूखा, गीला, हानिकारक, सेनेटरी और ई-कचरा) को अलग-अलग करने की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जा चुकी हैं। कचरे का आकलन व निस्तारण- पंचायतें व्यक्तिगत एवं सामूहिक कचरे की मात्रा का सही आकलन करेंगी। कचरे का अंतिम निपटान सेग्रीगेशन शेड में या गांव के बाहर शेड बनाकर सुनिश्चित किया जाएगा। कंपोस्टिंग एवं बायोगैस- ग्रामीणों को व्यक्तिगत कंपोस्ट पिट बनाने की सलाह दी जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार सामुदायिक नाडेप कंपोस्ट पिट का निर्माण होगा। गोबर की अधिक उपलब्धता वाले क्षेत्रों में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। सभी वार्डो में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने की हिदायत दी गई है। तरल अपशिष्ट व नालियों की सफाई- गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सोक पिट (शोक गड्ढे) का निर्माण और नालियों की साप्ताहिक सफाई अनिवार्य की गई है। लिगेसी वेस्ट का खात्मा- गांव में सालों से जमा पुराने कचरे (लिगेसी वेस्ट) और घूरों का चिन्हांकन कर उनका स्थायी निस्तारण किया जाएगा। जन-जागरूकता व कर वसूली- दीवारों पर स्वच्छता संदेशों का लेखन, प्रभात फेरी, स्वच्छता रैली और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, सेवाओं को सुचारू रखने के लिए स्वच्छता कर एवं जल कर की वसूली भी की जाएगी।

# गौ पूजन कर गौ माता को खिलाया गुड़

## दाना एवं हरी घास, गौ सेवा और संरक्षण का दिया संदेश

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर जिले की विभिन्न गौशालाओं में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गौशाला परिसरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ विधि-विधान से गौ पूजन किया गया तथा गौ माता को गौ ग्रास खिलाकर गौ सेवा एवं संरक्षण का संदेश दिया गया। जिले की विभिन्न गौशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, गौशाला संचालकों एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। गौशालाओं में विशेष सजावट एवं धार्मिक आयोजनों के चलते पूरे



परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रमों के माध्यम से गौ सेवा, गौ संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति में गौ माता के महत्व के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी दिया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर महर्षि दयानंद गौशाला गुरुकुल, नर्मदापुरम में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुकुल के प्रधानाचार्य श्रीमान सत्यसिंधु, नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री तेज मोहन पटेल एवं श्री जीतू तिवारी की उपस्थिति में विधि-विधान से गौ पूजन किया गया।

# प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत बने कुलगुरू, हुआ नागरिक अभिनंदन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम सिंहपुर निवासी प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत का नगर आगमन पर नागरिक अभिनंदन किया गया। ज्ञात हो कि प्रो. राजपूत डॉ. हरि सिंह गौर केन्द्रीय विश्व विद्यालय सागर में समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के अधिष्ठाता के पद पर पदस्थ्य है एवं अन्य शैक्षणिक समीतियों मे कार्यरत है। विगत दिवस राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हे जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर का कुलगुरू (कुलपति) नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके नगर आगमन पर शुभचिंतकों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। श्री राजपूत ने अपने गृह ग्राम सिंहपुर पहुंचकर कुलदेवी मां भगवती, लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं बलदाउ मंदिर में प्रसाद अर्पित कर आर्शीवाद लिया। श्री राजपूत साधारण किसान परिवार से निकलकर अपनी शैक्षणिक योग्यता, प्रतिभा एवं कौशल के कारण प्राप्त हुआ। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में शुभचिंतकों की उपस्थिति रही।

# जन्माष्टमी के पर वृंदावन धाम बना नर्मदापुरम

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को लेकर नर्मदापुरम जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। शहर में जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियां, चल समारोह, भंडारे एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आए। जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण का वेश धारण कर उनकी बाल लीलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

वहीं, अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसी क्रम में नर्मदापुरम के ग्वालटोली क्षेत्र में जन्माष्टमी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यहां स्थित प्राचीन काली



मंदिर एवं राधा-कृष्ण मंदिर परिसर के समीप भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दादा गुरु महाराज, नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लिया तथा जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की।

जन्मोत्सव के दौरान राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह भर दिया। राधा-कृष्ण के रूप में प्रस्तुत किए गए नृत्य और श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## जादम यादव समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, कृष्ण भक्ति में झूमा शहर, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सिवनी मालवा में गूंजा 'जय कन्हैया लाल की'

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को सिवनी मालवा में जादम यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उल्लास से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं कृष्ण भक्त शामिल हुए। डीजे की भक्तिमय धुनों, जयकारों और आकर्षक झांकियों से नगर का माहौल पूरी तरह कृष्णमय नजर आया। शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर करीब 12 बजे बाबरी घाट स्थित मंदिर परिसर में विधिवत आरती-पूजन के साथ हुआ। इसके बाद समाजजनों ने वाहन रैली निकाली, जो चतरखेड़ा तक पहुंची।

यहां से बानापुरा होते हुए वाहन रैली सिवनी मालवा पहुंची, जहां इसे भव्य पैदल शोभायात्रा का स्वरूप दिया गया। शोभायात्रा में युवा, पुरुष और बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त उत्साह के साथ शामिल हुए। डीजे की भक्तिमय धुनों



पर श्रद्धालु नाचते-गाते और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। रास्तेभर लोगों में शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक एवं आकर्षक झांकियां शामिल की गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सुसज्जित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा वाली झांकी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के दर्शन के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ उमड़ती रही। बानापुरा के चतरखेड़ा गेट से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सरस्वती कॉम्प्लेक्स पहुंची। यहां भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ वाहन रैली एवं शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। इसके बाद सरस्वती कॉम्प्लेक्स में समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों को फलों का वितरण भी किया गया।

### भक्ति और एकता का दिया संदेश

जादम यादव समाज द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन ने सिवनी मालवा में जन्माष्टमी के उत्सव को और खास बना दिया। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने जहां सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया, वहीं पूरे नगर में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। शोभायात्रा के दौरान गूंजते जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## आंगनवाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# नन्हे कान्हा-राधा के रूप में सजे बच्चों ने मोहा मन, भजन-नृत्य से गूंजा परिसर

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर सिवनी मालवा-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण, राधा एवं गोपियों का मनमोहक स्वरूप धारण करना रहा।

कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भजन, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मातृ सहयोगिनी समूह की महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान उपस्थित बच्चों के साथ गर्भवती एवं धात्री माताओं को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों तथा प्रेम, सद्भाव और कर्तव्य के संदेशों से अवगत कराया गया।

### पोषण आहार का भी हुआ वितरण

कार्यक्रम के समापन अवसर पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को विशेष पोषण आहार के रूप में खीर, पूरी एवं सब्जी का वितरण किया गया। जन्माष्टमी के धार्मिक उत्सव के साथ पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों और कृष्णमय वातावरण ने सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजन हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।